Radisson BLU

MBD HOTEL NOIDA

# GLIMPSE
# OF
# WORLD ENVIRONMENT DAY

On the occasion of World Environment Day, **MBD Group**, India's largest education and leading hospitality company today organized a walkathon to create awareness about environment protection and express its gratitude for nurturing life. The walkathon started from **Radisson Blu MBD Noida** at 8am and over 120 people actively participated in the event to support the cause.



# GREEN WALK






आप
कैमरे की
नजर में है।




NEW YORK
INDIANS
CHAMPIONS



# LET'S PAINT THE CITY GREEN





On the sidelines, MBD Group in association with an NGO, **World Hope Foundation**, also conducted a poster making competition wherein around 30 children of the NGO participated and made posters related to the theme of "Environmental protection". At the end of the walkathon, the winners were

awarded with attractive prices.














Congratulations!


MBD Group
Radisson
Second Runner-up
Rupees
Two Thousand Only
₹2,000/-


Radisson
First Runner-up
Rupees :
Three Thousand Only
₹3,000/-


MBD Group
Welcome
Radisson
Second Runner-up
Rupees
Two Thousand Only
5th June, 2018
₹2,000/-


MBD Group
Radisson
Winner
Rupees :
Five Thousand Only
5th June, 2018
₹5,000/-
Authorized Signatory


Winner


Save Environment
World Environment Day
Happy World Environment Day

**At MBD Group**, environmental awareness remains one of our key areas of focus and the only way to improve the quality of our environment is by getting everyone involved. This initiative is yet another step that will help us in attaining the larger goal of keeping environmental clean.



# MEDIA COVERAGE

| Publication | Amar Ujala | Date | 06-06-2018 | Page No. | 04 |
|---|---|---|---|---|---|
| Client Name | MBD Group | Edition | Noida | | |

पर्यावरण दिवस

शहर में कई जगह आयोजित हुए कार्यक्रम, पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने का लिया प्रण, बच्चों को भी समझाया महत्व

## लोगों ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। रायन इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल की तरफ से छात्रों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करना था। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुमिता मुखर्जी ने छात्रों को पौधों का महत्व समझाया। इस दौरान छात्रों ने भी पौधे लगाने का संकल्प लिया।

वहीं, सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज में मंगलवार को पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाए गए। साथ ही, छुट्टियों में स्कूल में सुबह 7:30 बजे गरीबों बच्चों के लिए कक्षाएं चलाई जा रही हैं। पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ये बच्चे भी शामिल हुए।



जीआईपी मॉल के परिसर में पौधा लगाते एंटरटेनमेंट सिटी के डायरेक्टर।

इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। इन बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया।

स्कूल के प्रिंसिपल नीरज टंडन व महामाया बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रतिभा चौधरी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए। बच्चों के नाम से पौधों का नामकरण करके इन पौधों की देखभाल और पानी देने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई।



नोएडा स्थित रेडिसन होटल में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ पूर्व विधायक विमला बाथम।

**वॉकथॉन से किया जागरूक**

नोएडा। विश्व पर्यावरण दिवस पर मंगलवार को सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू होटल की तरफ से वॉकथॉन आयोजित की गई। इस दौरान एनजीओ वर्ल्ड ऑफ फाउंडेशन के सहयोग से पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। इसमें एनजीओ वर्ल्ड आफ फाउंडेशन के 30 बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण विषय से संबंधित पोस्टर बनाए। छात्रों ने बहुत सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाकर सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान एमबीडी ग्रुप की संयुक्त प्रबंधक निदेशिका सोनिका मल्होत्रा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।

**एंटरटेनमेंट सिटी :** सेक्टर-28 ए स्थित एंटरटेनमेंट सिटी (जीआईपी गार्डन गैलरिया मॉल, वर्ल्ड्स ऑफ वंडर पार्क) के कर्मचारी और मौजूद दर्शकों ने पौधरोपण किया। एसोसिएट मार्केटिंग डायरेक्टर शमीम अनवर ने बताया कि 147 एकड़ में फैले एंटरटेनमेंट सिटी को हरा भरा बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में नई दिल्ली नेचर सोसाइटी के संयोजक वीरहन खन्ना, हरित सेवा सिमिति के आर के गुप्ता, ग्रामीण कृषि के फाउंडर राजीव कुमार के अलावा कई आला अधिकारी उपस्थित रहे। एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड (ईसीएल) ने 10,000 पौधे लगाने की पहल की है।

### सिक्का कार्मिक ग्रींस सोसायटी

सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स सोसाइटी में लोगों को पौधे बांटकर स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया गया। जिसे लोगों ने पूरे उत्साह के साथ स्वीकार करते हुए अपने आस-पास उन पौधों को लगाने का निश्चय किया। इस दौरान करीब 200 पौधे लोगों को दिए गए।

### बॉटेनिक गार्डन

प्लास्टिक से होने वाले बीमारियों व पर्यावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। 2 से 5 जून तक आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा लोगों को इसकी जानकारी दी गई। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा हाल ही में 400 करोड़ मंजूर होने के बाद गार्डन को खूबसूरत बनाने की योजना है। यहां 500 बीघा जमीन है, जिसमें जड़ी बूटी वाले पौधे लगाए जाएंगे।

| Publication | Pioneer-Hindi | Date | 06-06-2018 | Page No. | 02 |
|---|---|---|---|---|---|
| Client Name | MBD Group | Edition | New Delhi | | |

# पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मैराथन दौड़

## पुलिस और सामाजिक संस्थाओं ने शहर के कई स्थानों पर लगाए पौधे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान जहां सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर पुलिस और जिला स्थित सरकारी विभागों ने जगह-जगह पौधे लगाए। वहीं मंगलवार दोपहर शहर में मैराथन का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान शहर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए। सेक्टर-18 में एमबीडी ग्रुप ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया, वहीं पर्यावरणविदों ने पर्यावरण को लेकर जिला स्थित तीनों प्राधिकरणों को सलाह भी दी।

पर्यावरणविद विक्रांत तौंगड़ ने गौतमबुद्धनगर जनपद स्थित तीनों प्राधिकरण और जिला प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में सुझाव भेजे। उन्होंने कहा कि भूजल के गिरते स्तर को बचाने के लिए घर से लेकर कंपनियों तक में अवैध भूजल दोहन पर रोक लगे। सड़क किनारे धूल को रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जाए। कूड़े का निपटारा वैज्ञानिक तरीके से करें। हिंडन में नालों का गंदा पानी और अवैध बालू खनन रोका जाए और तालाबों का सौंदर्यीकरण करें। जिले में ग्रीन कवर बढ़ाया जाए। पेड़ों की जड़ों के चारों तरफ कम से कम एक मीटर कच्चा स्थान छोड़ा जाए। पर्यावरण के संबंध में प्रचार-प्रसार के लिए भी बजट रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि वेटलैंड का संरक्षण किया जाए और नहरों को पक्का न करें।



नोएडा सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र। (फोटो : राहुल झा)

### सेक्टर-18 में आयोजित हुआ वॉक

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमबीडी ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए मंगलवार सुबह वॉक का आयोजन किया। इस वॉक में 70 लोगों ने हिस्सा लिया और सभी लोगों को पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया। सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू में पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया। इसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। बताया गया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों की टीम को इनामी राशि दिया गया।